हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com



## गया में अगले महीने ही शुरू हो जाएगी सेवा, शेष में नवंबर तक उम्मीद

# गया, भागलपुर और दरभंगा समेत सूबे के 13 शहरों में कैब सेवा जल्द

### निर्देश

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** राजधानी पटना की तरह बिहार के अन्य प्रमुख शहरों में भी चरणवार टैक्सी और बाइक की सेवाएं जल्द उपलब्ध होंगी। इसको लेकर परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने संबंधित सभी विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है।

उन्होंने रविवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गया में अगस्त और भागलपुर, दरभंगा, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण, मुंगेर, नालंदा, बेगूसराय, रोहतास, कटिहार और किशनगंज जिले में नवंबर तक बाइक और टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। पहले चरण में उक्त जिलों में तथा दूसरे में शेष 24 जिलों में यह सेवा शुरू होगी।

सचिव ने कहा कि किराए पर टैक्सी/कैब का उपयोग करने से उपयोगकर्ता के मन में किसी तरह का संशय नहीं रहता है। साथ ही टैक्सी सेवा देने वाले भी चिंता मुक्त रहते हैं कि उनके वाहन का उपयोग चिह्नित व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण है कि इस सुविधा के उपलब्ध होने पर उपयोगकर्ता कहीं से किसी भी समय अपने मोबाइल द्वारा किराये पर टैक्सी की सुविधा ले सकते हैं। टैक्सी सेवा शुरू करने के लिए परिवहन सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में संबंधित जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं कैब सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में परिवहन सचिव ने कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि उक्त शहरों में अपनी प्रीपेड बाइक और टैक्सी सेवाएं शीघ्र प्रारंभ करें, ताकि राज्य के नागरिक इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि ओला, उबर, सवारी मिथिला की और रैपिडो जैसी कंपनियों की सेवा मिलने से यात्रियों को आने-जाने में सुविधा होगी और रोजगार का भी सृजन हो सकेगा।

**कैंप लगाकर फिटनेस परमिट दें:** परिवहन सचिव ने संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कैब में उपयोग होने वाले वाहनों का कैंप लगाकर वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र और परमिट दें।



**24** जिलों में सेवा शुरू होगी दूसरे चरण में

- टैक्सी सेवा शुरू करने के लिए परिवहन सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

### अन्य जिलों में रेंटल कार सेवा का होगा विस्तार

सचिव ने यह भी बताया कि रेंटल कार सेवा का विस्तार पटना के बाद अब गया, बोधगया समेत अन्य जिलों में भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गया जिला राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए विशेष महत्व रखता है। गया स्थित महत्वपूर्ण स्थल-विष्णुपदर मंदिर, महाबोधि मंदिर एवं बौद्धकालीन विभिन्न स्थल (कुर्कीहार) पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बिन्दु है। सालों भर गया में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का आवागमन होता रहता है।

### ऑनलाइन सेवा काफी लाभप्रद और सुरक्षित

ऑनलाइन कार रेंटल सेवा से जुड़ी कंपनियां टैक्सी बुकिंग और कॉर्पोरेट कार रेंटल सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। इस तरह की परिवहन सुविधाएं काफी सुरक्षित साबित हो रही है। मोबाइल के एक क्लिक पर इसका उपयोग किया जा सकता है। देश-विदेश के पर्यटकों, तीर्थयात्रियों सहित एकल यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए ऑनलाइन कार रेंटल सेवा काफी लाभप्रद व सुरक्षित है।